श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षा के सभी स्तरों पर वंचित समूहों की समान सहभागिता सुनिश्चित की गयी है एवं उनमें विशेष रूप से वंचित महिलाओं की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसमें पहला कदम शिक्षा में बालिकाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए जेन्डर समावेशी फण्ड की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति सबके लिए आसान पहुंच, समानता, गुणवत्ता और जवाबदेही के आधारभूत स्तंभों पर निर्मित है। इस शिक्षा नीति में प्रत्येक विद्यार्थी में रचनात्मक सोच, तार्किक निर्णय और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित कर, उसमें निहित अद्वितीय क्षमताओं को सामने लाना है।

राज्यपाल ने उच्च शिक्षण संस्थाओं से अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण ई–पाठयवस्तु क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षकों द्वारा विकसित किए जाएं। उच्चतर शिक्षा प्रणाली में शिक्षण तथा पठन–पाठन ऐसा होना चाहिए, जो विद्यार्थियों में अन्वेषण, समाधान, तार्किकता और रचनात्मकता विकसित करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा दी जाए जो चरित्र निर्माण, नैतिकता, करूणा और संवेदनशीलता का भाव विकसित करे और रोजगार योग्य भी बनाए। उन्होंने कहा कि वास्तव में शिक्षा के माध्यम से हमें ऐसे विद्यार्थियों को गढ़ना है जो राष्ट्र–गौरव के साथ–साथ विश्व–कल्याण से ओत–प्रोत हो और वे सही मायने में 'ग्लोबल सिटिजन' बन सकें।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डा0 दिनेश शर्मा का वीडियो संदेश भी प्रसारित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह, अनेक विद्वतजन एवं शिक्षकगण भी आनलाइन जुड़े हुए थे।

———

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण।

धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कुलसचिव डॉ0 अरूण कुमार गुप्ता



राष्ट्रगान करते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण।

R.N.I. UPHIN/2012/52437

जुनून है सच दिखाने का

डाक पंजीयन संख्या :- एल-2/9/रजि0/एडी0/119/15-17

संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 07
अंक : 09
पृष्ठ : 8
मूल्य : 1.00
शनिवार, 17 अक्टूबर, 2020

मंत्र भारत

हिन्दी दैनिक

प्रयागराज, लखनऊ एवं मुम्बई से एक साथ प्रकाशित एवं कौशाम्बी, भदोही, मिर्ज़ापुर व वाराणसी से प्रसारित

कानपुर क्षेत्रीय केंद्र के भवन का राज्यपाल ने किया ऑनलाइन शिलान्यास

नए पाठ्यक्रमों को शुरू करने में मुविवि अग्रणी-राज्यपाल

संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर के भवन का ऑनलाइन शिलान्यास शुक्रवार को राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने किया। इस अवसर पर श्रीमती पटेल ने कहा कि क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर का भवन बनने के बाद इसके समवर्ती क्षेत्र में उच्च शिक्षा में नामांकन अनुपात में वृद्धि होगी। भारत सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय द्वारा वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में नामांकन लक्ष्य को 50# तक पहुंचाने के लक्ष्य में मुक्त विश्वविद्यालय अपना दायित्व पूर्ण करेगा। प्रयागराज और लखनऊ के क्षेत्रीय कार्यालय अपने भवन में संचालित हो रहे हैं तथा क्षेत्रीय कार्यालय बरेली पूर्णता की ओर है। इसी अनुक्रम में कानपुर क्षेत्रीय कार्यालय जो अब तक किराए के भवन में चल रहा था, उसकी आधारशिला आज रखी जा रही है और यह भवन शीघ्र बनकर तैयार होगा। राज्यपाल श्रीमती पटेल ने कहा कि ऐसे समय में जब पूरा देश वैश्विक महामारी कोविड-19 से जूझ रहा है। विश्वविद्यालय ने कोविड-19 के विषय में शिक्षार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य कोविड-19 जागरूकता पाठ्यक्रम की शुरुआत की है। शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार या व्यवसाय प्राप्त करना ही नहीं, अपितु ज्ञान की पिपासा को शांत करना भी है। मुक्त विश्वविद्यालय ने इसे चरितार्थ करते हुए हजारों सेवानिवृत्त नागरिकों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया है।

उन्होंने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि समसामयिक चुनौतियां इन मुद्दों तथा व शक्तियों को ध्यान में रखते हुए नए पाठ्यक्रमों को शुरू करने में अग्रणी रहा है। समसामयिक मुद्दों की चुनौतियों को देखते हुए उसके अनुरूप पाठ्यक्रमों की संरचना एवं श्रीगणेश उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की विशिष्टता है।

श्रीमती पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय ने पठन-पाठन का निर्वाह करते हुए कोविड-19 महामारी के आपदकाल में सामाजिक दायित्व का निर्वाह किया है। श्रमिकों के लिए भोजन पैकेट, मास्क वितरण, गमछा वितरण एवं सफाई का अभियान चलाकर विश्वविद्यालय में समुदाय के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अपने दायित्व का निर्वाह किया है।

ऑनलाइन शिलान्यास समारोह के विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े नगर कानपुर में विश्वविद्यालय का निभवन न होने का अभाव खटकता रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उक्त भवन के निर्माण के बाद कन्नौज, इटावा, कानपुर देहात, कानपुर नगर, हमीरपुर, उन्नव, फतेहपुर के अध्ययन केंद्रों पर प्रभावी नियंत्रण होगा एवं उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में गुणात्मक परिवर्तन होगा। इसके साथ ही मुक्त विश्वविद्यालय वांछित लक्ष्यों को पूरा करने में सक्षम एवं समर्थ सिद्ध होगा। डॉ शर्मा ने कहा कि न्यूनतम लागत एवं लचीले स्वभाव के कारण दूरस्थ शिक्षा जन सामान्य के बीच लोकप्रियता हासिल कर रही है। मुक्त विश्वविद्यालय ने ई-व्याख्यान के माध्यम से शिक्षा के अलग को जगाए रखा है।

इस अवसर पर ऑनलाइन शिलान्यास समारोह में विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती नीलिमा कटियार ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय में महिलाओं की शिक्षा पर विशेष जोर दिया जा रहा है जो कि एक सराहनीय कदम है।

इससे पूर्व कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने ऑनलाइन शिलान्यास समारोह में विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती नीलिमा कटियार एवं अन्य विशिष्ट जनों का स्वागत किया। कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता ने संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रारंभ में विश्वविद्यालय की कुलाधिपति तथा उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजभवन से क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर के भवन का शिलान्यास किया।

हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

www.livehindustan.com

मुविवि नए पाठ्यक्रमों को शुरू करने में सबसे आगे

प्रयागराज | कार्यालय संवाददाता

बोलीं राज्यपाल

- कानपुर क्षेत्रीय केंद्र के भवन का राज्यपाल ने किया ऑनलाइन शिलान्यास
- ऑनलाइन शिलान्यास समारोह में उच्च शिक्षामंत्री डॉ. दिनेश शर्मा भी शामिल रहे

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विवि प्रयागराज के क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर के भवन का ऑनलाइन शिलान्यास शुक्रवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने ऑनलाइन माध्यम से राजभवन से किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर का भवन बनने के बाद इसके समवर्ती क्षेत्र में उच्च शिक्षा में नामांकन अनुपात में वृद्धि होगी। भारत सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय द्वारा वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में नामांकन लक्ष्य को 50% तक पहुंचाने के लक्ष्य में मुक्त विश्वविद्यालय अपना दायित्व पूर्ण करेगा।

राज्यपाल ने कहा कि ऐसे समय में जब पूरा देश वैश्विक महामारी कोविड-19 से जूझ रहा है। विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े नगर कानपुर में विश्वविद्यालय का निजी भवन न होने का अभाव खटकता रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उक्त भवन के निर्माण के बाद कन्नौज, इटावा, कानपुर देहात, कानपुर नगर, हमीरपुर, उन्नाव, फतेहपुर के अध्ययन केंद्रों पर प्रभावी नियंत्रण होगा एवं उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में गुणात्मक परिवर्तन होगा। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री नीलिमा कटियार ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय में महिलाओं की शिक्षा पर विशेष जोर दिया जा रहा है जो कि एक सराहनीय कदम है। इससे पूर्व कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने ऑनलाइन समारोह में विवि की कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री नीलिमा कटियार का स्वागत किया। संचालन कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता ने किया।

दैनिक कर्मठ

राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्पित

प्रयागराज, शनिवार , 17 अक्टूबर 2020 | विक्रम संवत 2076 | प्रातः संस्करण ईमेल -dainikkarmath@gmail.com | पृष्ठ : 08

नए पाठ्यक्रमों को शुरू करने में मुविवि अग्रणी-राज्यपाल

कानपुर क्षेत्रीय केंद्र के भवन का राज्यपाल ने किया ऑनलाइन शिलान्यास

प्रयागराज।उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर के भवन

का ऑनलाइन शिलान्यास शुक्रवार को राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने किया। इस अवसर पर श्रीमती पटेल ने कहा कि क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर का भवन बनने के बाद इसके समवर्ती क्षेत्र में उच्च शिक्षा में नामांकन अनुपात में वृद्धि होगी। भारत सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय द्वारा वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में नामांकन लक्ष्य को 50: तक पहुंचाने के लक्ष्य में मुक्त विश्वविद्यालय अपना दायित्व पूर्ण करेगा। प्रयागराज और लखनऊ के क्षेत्रीय कार्यालय अपने भवन में संचालित हो रहे हैं तथा क्षेत्रीय कार्यालय बरेली पूर्णता की ओर है। इसी अनुक्रम में कानपुर क्षेत्रीय कार्यालय जो अब तक किराए के भवन में चल रहा था, उसकी आधारशिला आज रखी जा रही है और यह भवन शीघ्र बनकर तैयार होगा। राज्यपाल श्रीमती पटेल ने कहा कि ऐसे समय में जब पूरा देश वैश्विक महामारी कोविड–19 से जूझ रहा है। विश्वविद्यालय ने कोविड–19 के विषय में शिक्षार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य कोविड–19 जागरूकता पाठ्यक्रम की शुरुआत की है। शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार या व्यवसाय प्राप्त करना ही नहीं, अपितु ज्ञान की पिपासा को शांत करना भी हैं। मुक्त विश्वविद्यालय ने इसे चरितार्थ करते हुए हजारों सेवानिवृत्त नागरिकों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि समसामयिक चुनौतियां इन मुद्दों तथा व शक्तियों को ध्यान में रखते हुए नए पाठ्यक्रमों को शुरू करने में अग्रणी रहा है। समसामयिक मुद्दों की चुनौतियों को देखते हुए उसके अनुरूप पाठ्यक्रमों की संरचना एवं श्रीगणेश उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की विशिष्टता है।

श्रीमती पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय ने पठन–पाठन का निर्वाह करते हुए कोविड–19 महामारी के आपदकाल में सामाजिक दायित्व का निर्वाह किया है। श्रमिकों के लिए भोजन पैकेट, मास्क वितरण, गमछा वितरण एवं सफाई का अभियान चलाकर विश्वविद्यालय में समुदाय के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अपने दायित्व का निर्वाह किया है।

ऑनलाइन शिलान्यास समारोह के विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े नगर कानपुर में विश्वविद्यालय का निजी भवन न होने का अभाव खटकता रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उक्त भवन के निर्माण के बाद कन्नौज, इटावा, कानपुर देहात, कानपुर नगर, हमीरपुर, उन्नाव, फतेहपुर के अध्ययन केंद्रों पर प्रभावी नियंत्रण होगा एवं उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में गुणात्मक परिवर्तन होगा। इसके साथ ही मुक्त विश्वविद्यालय वांछित लक्ष्यों को पूरा करने में सक्षम एवं समर्थ सिद्ध होगा। डॉ शर्मा ने कहा कि न्यूनतम लागत एवं लचीले स्वभाव के कारण दूरस्थ शिक्षा जन सामान्य के बीच लोकप्रियता हासिल कर रही है। मुक्त विश्वविद्यालय ने ई–व्याख्यान के माध्यम से शिक्षा के अलग को जगाए रखा है।

इस अवसर पर ऑनलाइन शिलान्यास समारोह में विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती नीलिमा कटियार ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय में महिलाओं की शिक्षा पर विशेष जोर दिया जा रहा है जो कि एक सराहनीय कदम है।

इससे पूर्व कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने ऑनलाइन शिलान्यास समारोह में विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती नीलिमा कटियार एवं अन्य विशिष्ट जनों का स्वागत किया। कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता ने संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रारंभ में विश्वविद्यालय की कुलाधिपति तथा उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजभवन से क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर के भवन का शिलान्यास किया।

Governor of Uttar Pradesh
4m •

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन लखनऊ से उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर के नये निर्मित होने वाले भवन का ऑनलाइन शिलान्यास करते हुए कहा कि कानपुर में विश्वविद्यालय का अपना क्षेत्रीय कार्यालय भवन बन जाने से उस क्षेत्र के विद्यार्थियों को सुविधा हो जायेगी।
राज्यपाल ने कहा कि समाज का एक ऐसा वर्ग है, जो घरेलू दिनचर्या या व्यावसायिक व्यस्तताओं के कारण कक्षाओं में नियमित अध्ययन नहीं कर सकता, वह मुक्त विश्वविद्यालय के माध्यम से गुणात्मक शिक्षा ग्रहण कर सकता है।

Anandiben Patel
1m •

आज राजभवन लखनऊ से उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर के नये निर्मित होने वाले भवन का आनलाइन शिलान्यास करते हुए कहा कि कानपुर में विश्वविद्यालय का अपना क्षेत्रीय कार्यालय भवन बन जाने से उस क्षेत्र के विद्यार्थियों को सुविधा हो जायेगी। समाज का एक ऐसा वर्ग है, जो घरेलू दिनचर्या या व्यावसायिक व्यस्तताओं के कारण कक्षाओं में नियमित अध्ययन नहीं कर सकता, वह मुक्त विश्वविद्यालय के माध्यम से गुणात्मक शिक्षा ग्रहण कर सकता है।

स्वतंत्र चेतना // प्रयागराज महानगर //

नये पाठ्यक्रमों को शुरू करने में मुक्त विवि अग्रणी-राज्यपाल

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि मुक्त विवि प्रयागराज के क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर के भवन का ऑनलाइन शिलान्यास शुक्रवार को राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने करते हुए कहा कि क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर का भवन बनने के बाद इसके सीमावर्ती क्षेत्र में उच्च शिक्षा में नामांकन अनुपात में वृद्धि होगी। भारत सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय द्वारा वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में नामांकन लक्ष्य को 50 प्रतिशत तक पहुंचाने के लक्ष्य में मुक्त विवि अपना दायित्व पूर्ण करेगा। प्रयागराज और लखनऊ के क्षेत्रीय कार्यालय अपने भवन में संचालित हो रहे हैं। क्षेत्रीय कार्यालय बरेली पूर्णता की ओर है। कानपुर क्षेत्रीय कार्यालय जो अभी तक किराये के भवन में चल रहा था उसकी आधारशीला आज रखी जा रही है। यह भवन शीघ्र बनकर तैयार होगा।

उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब पूरा देश वैश्विक महामारी कोविड-19 से जूझ रहा है। विवि ने कोविड-19 के विषय में शिक्षार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से कोविड-19 जागरूकता पाठ्यक्रम की शुरुआत की है। शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार या व्यवसाय प्राप्त करना ही नहीं अपितु ज्ञान पीपासा को साथ करना भी है। मुक्त विवि ने हजारों सेवा निवृत्त नागरिकों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया। ऑनलाइन शिलान्याय समारोह में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री श्रीमती नीलिमा कटियार ने कहा कि मुक्त विवि में महिलाओं की शिक्षा पर विशेष जोर दिया जा रहा है जो सराहनीय कदम है। उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े नगर कानपुर में विवि का निजी भवन न होने का अभाव खटकता रहा। अपने भवन के निर्माण के बाद कन्नौज, कानपुर नगर, कानपुर देहात, इटावा, हमीरपुर उन्नाव, फतेहपुर के अध्ययन केन्द्रों पर प्रभाव नियंत्रण होगा एवं उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में गुणात्मक परिवर्तन होगा। कुलपति प्रो. केएन सिंह ने ऑनलाइन शिलान्यास समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री नीलिमा कटियार एवं अन्य विशिष्टजनों का स्वागत किया।

स्वतंत्र चेतना // प्रयागराज महानगर //

मुक्त विवि में प्रवेश की तिथि 24 अक्टूबर तक बढ़ी

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि मुक्त विवि में प्रवेश सत्र 2020-21 के प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 24 अक्टूबर कर दी गयी है। यह जानकारी प्रवेश प्रभारी डा. ज्ञान प्रकाश यादव ने देते हुएका कि कोविड-19 के कारण प्रदेश के विभिन्न अध्ययन केन्द्रों पर छात्रों द्वारा अभी तक प्रवेश ले पाने के कारण प्रवेश तिथि और आगे बढ़ायी गयी है। अध्ययन केन्द्र समन्वयको एवं छात्रों की मांग पर विभिन्न पाठ्क्रमों में प्रवेश की सुविधा लाभ देने के लिए कुलपति प्रो. केएन सिंह ने प्रवेश तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया।

दैनिक कर्मठ
राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्पित

मुक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश तिथि 24 अक्टूबर तक बढ़ी

प्रयागराज।उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में प्रवेश सत्र जुलाई 2020-21 के प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 24 अक्टूबर 2020 कर दी गई है। यह जानकारी देते हुए प्रवेश प्रभारी डॉ ज्ञान प्रकाश यादव ने बताया कि वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण प्रदेश के विभिन्न अध्ययन केंद्रों पर छात्रों द्वारा अभी तक प्रवेश न ले पाने के कारण एक बार प्रवेश तिथि को और आगे बढ़ाया गया है। विभिन्न अध्ययन केंद्र समन्वयक एवं छात्रों की मांग पर लोकप्रिय कार्यक्रमों में प्रवेश सुविधा का लाभ देने के लिए कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रवेश तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया गया। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि प्रदेश के प्रयागराज, अयोध्या, लखनऊ, बरेली, आगरा, मेरठ, वाराणसी, झांसी, नोएडा, आजमगढ़, गोरखपुर तथा कानपुर आदि क्षेत्रीय केंद्रों से संबद्ध अध्ययन केंद्रों पर विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष में 24 अक्टूबर तक ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया संपन्न होगी। ऐसे शिक्षार्थी जिन्होंने जुलाई सत्र के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में अभी तक प्रवेश नहीं लिया है, वह भी बिना परीक्षा फल का इंतजार किए अपना प्रवेश सुनिश्चित करा सकते हैं।

News Letter

मुक्त चिंतन

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10,1999 द्वारा स्थापित

A Quarterly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University , Prayagraj

हम पहुंचे वहां पहुंचा न कोई जहां

17 अक्टूबर, 2020

मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा "मिशन शक्तिः महिला सशक्तिकरण में कानून की भूमिका" विषय पर ई–संगोष्ठी आयोजित

भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 17 अक्टूबर, 2020 को महिला सुरक्षा सम्मान एवं स्वालम्बन योजना **"मिशन शक्ति"** शुरू किया जा रहा है। मिशन शक्ति में महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षा, सम्मान व उनके स्वालम्बन के विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में जागरूकता के कार्यक्रम शुरू किये जा रहें हैं। यह कार्यक्रम फरवरी 2021 तक चलाया जायेगा। कार्यक्रम के तहत सरकार की विभिन्न योजनाओं जिसमें महिलाओं और बालिकाओं को लाभान्वित किया जाता है, इसके बारे में जानकारी दी जायेगी व जागरूक किया जायेगा। मिशन शक्ति के माध्यम से जनपदों में विभिन्न जागरूकता एवं राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा के तत्वावधान में **"मिशन शक्तिः" महिला शक्तिकरण में कानून की भूमिका विषय पर ई–संगोष्ठी** का आयोजन किया गया। ई–संगोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रसिद्ध न्यायविद् मा0 न्यायमूर्ति सुधीर नारायण जी रहे तथा अध्यक्षता विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने की।

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय,प्रयागराज।

मिशन शक्ति : महिला सशक्तिकरण में कानून की भूमिका

पर

ई-संगोष्ठी

अध्यक्ष
प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह
माननीय कुलपति
उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त
विश्वविद्यालय,प्रयागराज,उत्तर प्रदेश

मुख्य वक्ता
न्यायमूर्ति श्री सुधीर नारायण जी
माननीय न्यायाधीश(अवकाश प्राप्त)
उच्च न्यायालय
प्रयागराज, उत्तर प्रदेश

संयोजक
डॉ(श्रीमती) निलिजा शंकर शुक्ल
(निदेशक)
स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा
यू.पी.आर.टी.ओ.यू, प्रयागराज

आयोजन सचिव
डॉ. मीरा पाल
(असिस्टेंट प्रोफेसर)
खाद्य एवं पोषण विज्ञान विभाग
यू.पी.आर.टी.ओ.यू, प्रयागराज

शनिवार, 17 अक्टूबर 2020
पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 12:00

Meeting ID -8907725991
Meeting password -808080
Meeting link- https://us05web.zoom.us/j/8907725991?pwd=SKJtb0pxY1RtMS90SU5QRG9KK3FHQT09

आयोजनकर्ता : स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा, यू.पी.आर.टी.ओ.यू, प्रयागराज।

ई–व्याख्यान की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी





मुख्य वक्ता प्रसिद्ध न्यायविद् मा0 न्यायमूर्ति सुधीर नारायण जी

कुलपति, प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी

''मिशन शक्ति :'' महिला शक्तिकरण में कानून की भूमिका विषय पर ई–संगोष्ठी

ई–संगोष्ठी के संयोजक प्रो0 जी0एस0 शुक्ला ने मा0 अतिथियों का स्वागत, परिचय तथा ई–संगोष्ठी के बारे में बताया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। ई–संगोष्ठी का संचालन ए आयोजन सचिव डॉ0 मीरा पाल ने किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के निदेशक, शिक्षक, अधिकारी, क्षेत्रीय केन्द्रों के समन्वयक, अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य/समन्वयक तथा परामर्शदाताओं के साथ देश के विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों आदि प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। राष्ट्रगान के उपरान्त कार्यक्रम का समापन हुआ।



ई–संगोष्ठी का संचालन करती हुई आयोजन सचिव डॉ0 मीरा पाल

माननीय अतिथिगण

अतिथियों का परिचय एवं स्वागत करते हुए ई–संगोष्ठी के संयोजक एवं निदेशक प्रो0 जी0एस0 शुक्ल ने बताया कि समाज में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक मुद्दो पर राजनीति क्षेत्रें में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए तथा महिला सशक्तिकरण के समक्ष जो चुनौतियां हैं, उनका हल करना आवश्यक है। भारत वर्ष में आदिकाल से ही महिलाओं का बहुत सम्मान रहा है और उनको नेतृत्व करने का पूरा अवसर मिला है। महारानी लक्ष्मीबाई, इंदिरा गाँधी, कल्पना चावला से लेकर सुषमा स्वराज एवं अन्य बहुत सारी महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज करायी एवं राष्ट्र को गौरव प्रदान किया।

मुख्य वक्ता का उद्बोधन



मुख्य वक्ता प्रसिद्ध न्यायविद्
मा0 न्यायमूर्ति सुधीर नारायण जी

वित्तीय स्थिति मजबूत होने से होगा महिला सशक्तिकरण: न्यायमूर्ति नारायण

मुख्य वक्ता उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के अवकाश प्राप्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री सुधीर नारायण ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण तभी होगा जब उनकी वित्तीय स्थिति मजबूत होगी। महंगाई का सबसे अधिक असर महिलाओं पर पड़ता है क्योंकि उनके पास ऐसा कोई काम नहीं है जिससे कि वह आमदनी कर सकें।महिलाओं का सशक्तिकरण तभी होगा उनके हाथ में पैसा आएगा। महिलाओं को ही बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान,उनके पोषण तथा स्कूल भेजने से संबंधित आदि कार्य करने पड़ते हैं।

न्यायमूर्ति नारायण ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं की अपेक्षा शहरी क्षेत्र की महिलाओं को उच्च शिक्षा के अवसर अधिक प्राप्त होते हैं। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को भी उच्च शिक्षा देने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। उन्हें चटाई बनाने तथा सिलाई कढ़ाई आदि कार्यों की और प्रवृत्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज यह जरूरी है कि सभी को रोजगार मिले, अगर शिक्षा नहीं होगी तो कैरियर नहीं बनेगा और कैरियर तभी बनेगा जब कौशल होगा। सरकार को ऐसी योजनाएं बनाई बनानी चाहिए जिसमें महिलाओं का विकास हो। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना सरकार की अच्छी योजना है।

न्यायमूर्ति नारायण ने कहा कि पंचायत एवं नगर निगम में महिलाओं को आरक्षण दिया गया है लेकिन संसद में एक तिहाई आरक्षण का बिल पास नहीं हो पाया। इससे समाज के अंदर महिलाओं द्वारा राजनीतिक निर्णय लेने की शक्ति अधूरी रह गई।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को अधिकार होना चाहिए कि जो नीति का निर्धारण हो उस नीति निर्धारण में उनका अधिकार एक तिहाई या उससे अधिक होना चाहिए। इस दिशा में सरकार अब धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है । सरकार की नीतियों के निर्णय लेने में महिलाओं का भी हक होना चाहिए।

न्यायमूर्ति नारायण ने कहा कि जब तक महिलाओं के प्रति आदर नहीं होगा उनके प्रति हिंसा को नहीं रोका जा सकेगा आज घरेलू हिंसा के मामले बढ़ते जा रहे हैं और सिर्फ मुकदमे करने से इनका निस्तारण नहीं हो सकता। इसके लिए महिलाओं को सम्मान दिया जाना जरूरी है। लोगों को अपनी मानसिक स्थिति बदलनी पड़ेगी। हर व्यक्ति को महिलाओं के प्रति आदर का भाव प्रदर्शित करना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाज में नारी का सम्मान होना ही चाहिए। जयशंकर प्रसाद की उक्ति नारी तुम केवल श्रद्धा हो की उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि नारी के प्रति श्रद्धाभाव हर व्यक्ति के मन में होना चाहिए।

अध्यक्षीय उद्बोधन

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह

समाज में महिलाओं का सम्मान करें : प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि महिलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित जो भी कानून बने हुए हैं उनके प्रति जागरूकता जनसामान्य तक पहुंचनी चाहिए। महिला सशक्तिकरण का यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा हर जगह महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसमें विशेष रुचि दिखाई है,यह बहुत हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि आज नवरात्र का पहला दिन है और यह कालखंड ऐसा है जहां कन्याओं की पूजा होती है। आज का दिन इस विशेष अवसर के लिए चुनना बहुत महत्वपूर्ण है।

प्रोफेसर सिंह ने कहा कि जिस तरह से महिला हिंसा के प्रति घटनाओं को प्रचारित किया जा रहा है वह समाज हित में नहीं है और न ही राष्ट्रहित में है। उत्तर प्रदेश सरकार और भारत सरकार इस मामले में बहुत ही संवेदनशील है। सरकार का प्रयास है कि किसी भी महिला के साथ किसी भी प्रकार की कोई दुर्घटना ना हो। न ही उसका तिरस्कार हो और न ही कोई दुर्व्यवहार करे।

प्रोफेसर सिंह ने कहा कि आज हम सबका दायित्व बनता है कि समाज में महिलाओं का सम्मान करें। हम सब इसको लेकर सतर्क हैं। महिलाओं के संवर्धन के लिए तरह-तरह के कानून बनाए गए हैं। दहेज उत्पीड़न से लेकर कन्या भ्रूण हत्या तथा घरेलू हिंसा आदि पर तरह-तरह के कानून बनाए गए हैं लेकिन परेशानी यह है कि जागरूकता की कमी के कारण इन सभी कानूनों से महिलाएं अवगत नहीं हो पाती हैं । महिला सशक्तिकरण का यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार ने इसीलिए प्रारंभ किया है कि महिलाओं को उनके अधिकारों से संबंधित कानूनों के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने भी इसी कड़ी में कानूनी पहलुओं को जागृत करते हुए ई-संगोष्ठी का आयोजन किया।



धन्यवाद ज्ञापित करते हुए ई–संगोष्ठी के संयोजक प्रो0 जी0एस0 शुक्ल



ई–व्याख्यान में प्रतिभाग करते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण।

दैनिक जागरण
4 दैनिक जागरण प्रयागराज, 18 अक्टूबर, 2020 प्रयागराज जागरण www.jagran.com

वित्तीय स्थिति मजबूत होने से होगा महिला सशक्तिकरण

जासं, प्रयागराज : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा की ओर से शनिवार को 'मिशन शक्ति : महिला सशक्तिकरण में कानून की भूमिका' विषय पर संगोष्ठी हुई। मुख्य वक्ता इलाहाबाद हाईकोर्ट से अवकाश प्राप्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधीर नारायण ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण तभी होगा जब उनकी वित्तीय स्थिति मजबूत होगी।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को ही बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान, उनके पोषण तथा स्कूल भेजने से संबंधित आदि कार्य करने पड़ते हैं। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं की अपेक्षा शहरी क्षेत्र की महिलाओं को उच्च शिक्षा के अवसर अधिक प्राप्त होते हैं। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को भी उच्च शिक्षा देने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। उन्हें चटाई बनाने तथा सिलाई कढ़ाई आदि कार्यों की ओर प्रवृत्त करना चाहिए। इससे समाज के अंदर महिलाओं द्वारा राजनीतिक निर्णय लेने की शक्ति अधूरी रह गई। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अधिकार होना चाहिए कि जो नीति का निर्धारण हो उस नीति निर्धारण में उनका अधिकार एक तिहाई या उससे अधिक होना चाहिए। इस दिशा में सरकार अब धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। सरकार की नीतियों के निर्णय लेने में महिलाओं का भी हक होना चाहिए। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि महिलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित जो भी कानून बने हुए हैं उनके प्रति जागरूकता जनसामान्य तक पहुंचनी चाहिए। स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर गिरजा शंकर शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन आयोजन सचिव डॉ. मीरा पाल ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर जीएस शुक्ल ने किया।

SUNDAY | 18.10.2020
अमर उजाला
अमर उजाला प्रयागराज

वित्तीय स्थिति मजबूत होने से सशक्त होंगी महिलाएं

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुविवि में मिशन शक्ति के तहत 'महिला सशक्तिकरण में कानून की भूमिका' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता न्यायमूर्ति सुधीर नारायण ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण तभी होगा जब वित्तीय स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के मुकाबले शहरी क्षेत्र की महिलाओं को उच्च शिक्षा में अवसर अधिक मिलते हैं। अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि महिलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित जो भी कानून बने हुए हैं, उनके प्रति जागरूकता जनसामान्य तक पहुंचनी चाहिए। संगोष्ठी के संयोजक प्रो. गिरजा शंकर शुक्ला ने स्वागत, डॉ. मीरा पाल ने संचालन एवं प्रो. जीएस शुक्ल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

मुविवि

राष्ट्रीय सहारा

काम के साथ पढ़ाई करने वालों के लिए मुक्त विवि वरदान : आनंदीबेन

दैनिक भास्कर

नए पाठ्यक्रम शुरू करने में मुविवि अग्रणी: राज्यपाल

आनंदी मेल

वित्तीय स्थिति मजबूत होने से होगा महिला सशक्तिकरण : न्यायमूर्ति नारायण

स्वतंत्र चेतना
www.swatantrachetnanews.com
प्रयागराज महानगर

वित्तीय स्थिति मजबूत होने से होगा महिला सशक्तीकरण-न्यायमूर्ति नारायण

राजर्षि टण्डन मुक्त विवि में मिशन शक्ति पर हुई ई-संगोष्ठी

अमृत प्रभात
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

वित्तीय स्थिति मजबूत होने से होगा महिला सशक्तिकरण : न्यायमूर्ति नारायण

दैनिक जागरण

वित्तीय स्थिति मजबूत होने से होगा महिला सशक्तिकरण

आज

वित्तीय स्थिति मजबूत होने पर होगा महिला सशक्तिकरण-न्यायमूर्ति नारायण

स्वतंत्र भारत

मुक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश तिथि २४ अक्टूबर तक बढ़ी

अमर उजाला

वित्तीय स्थिति मजबूत होने से सशक्त होंगी महिलाएं

दैनिक भास्कर

मुविवि: 24 अक्टूबर तक बढ़ी प्रवेश तिथि

इलाहाबाद एक्सप्रेस

मुक्त विवि में प्रवेश तिथि 24 अक्टूबर तक बढ़ी

@ डॉ. प्रभात चंद्र मिश्र

3 राजधानी
यूपीएसईई की ऑनलाइन काउंसिलिंग आज से

6 अभिमत
जिन्ना का इतिहास पुनः लिखने की जरूरत

11 विदेश
बाइडेन और हैरिस ने दी नवरात्र की शुभकामनाएं

12 कॅरियर
अत्यावश्यक है उचित मार्गदर्शन

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 3
लखनऊ, सोमवार, 19 अक्टूबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर

ब्रावो अंतिम ओवर फेंकने के लिए फिट नहीं था: धोनी
स्पोर्ट्स-10

www.dailypioneer.com

वित्तीय स्थिति मजबूत होने से होगा महिला सशक्तीकरणः न्यायमूर्ति नारायण

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

● राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने मिशन शक्ति पर ई - संगोष्ठी का किया आयोजन

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के तत्वावधान में शनिवार को मिशन शक्तिरू महिला सशक्तिकरण में कानून की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अवकाश प्राप्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधीर नारायण ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण तभी होगा जब उनकी वित्तीय स्थिति मजबूत होगी। महंगाई का सबसे अधिक असर महिलाओं पर पड़ता है। क्योंकि उनके पास ऐसा कोई काम नहीं है जिससे कि वह आमदनी कर सकें। महिलाओं का सशक्तिकरण तभी होगा उनके हाथ में पैसा आएगा। महिलाओं को ही बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान उनके पोषण तथा स्कूल भेजने से संबंधित आदि कार्य करने पड़ते हैं। न्यायमूर्ति नारायण ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं की अपेक्षा शहरी क्षेत्र की महिलाओं को उच्च शिक्षा के अवसर अधिक प्राप्त होते हैं। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को भी उच्च शिक्षा देने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। उन्हें चटाई बनाने तथा सिलाई कढ़ाई आदि कार्यों की और प्रवृत्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज यह जरूरी है कि सभी को रोजगार मिले अगर शिक्षा नहीं होगी तो कैरियर नहीं बनेगा और कैरियर तभी बनेगा जब कौशल होगा। सरकार को ऐसी योजनाएं बनाई बनानी चाहिए जिसमें महिलाओं का विकास हो। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना सरकार की अच्छी योजना है। न्यायमूर्ति नारायण ने कहा कि पंचायत एवं नगर निगम में महिलाओं को आरक्षण दिया गया है। लेकिन संसद में एक तिहाई आरक्षण का बिल पास नहीं हो पाया। इससे समाज के अंदर महिलाओं द्वारा राजनीतिक निर्णय लेने की शक्ति अधूरी रह गई।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को अधिकार होना चाहिए कि जो नीति का निर्धारण हो उस नीति निर्धारण में उनका अधिकार एक तिहाई या उससे अधिक होना चाहिए। इस दिशा में सरकार अब धीरे धीरे आगे बढ़ रही है। सरकार की नीतियों के निर्णय लेने में महिलाओं का भी हक होना चाहिए। न्यायमूर्ति नारायण ने कहा कि जब तक महिलाओं के प्रति आदर नहीं होगा उनके प्रति हिंसा को नहीं रोका जा सकेगा आज घरेलू हिंसा के मामले बढ़ते जा रहे हैं और सिर्फ मुकदमे करने से इनका निस्तारण नहीं हो सकता। इसके लिए महिलाओं को सम्मान दिया जाना जरूरी है। लोगों को अपनी मानसिक स्थिति बदलनी पड़ेगी। हर व्यक्ति को महिलाओं के प्रति आदर का भाव प्रदर्शित करना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाज में नारी का सम्मान होना ही चाहिए। जयशंकर प्रसाद की उक्ति नारी तुम केवल श्रद्धा हो की उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि नारी के प्रति श्रद्धाभाव हर व्यक्ति के मन में होना चाहिए। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि महिलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित जो भी कानून बने हुए हैं उनके प्रति जागरूकता जनसामान्य तक पहुंचनी चाहिए। महिला सशक्तिकरण का यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा हर जगह महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसमें विशेष रुचि दिखाई हैएयह बहुत हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि आज नवरात्र का पहला दिन है और यह कालखंड ऐसा है जहां कन्याओं की पूजा होती है। आज का दिन इस विशेष अवसर के लिए चुनना बहुत महत्वपूर्ण है। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि जिस तरह से महिला हिंसा के प्रति घटनाओं को प्रचारित किया जा रहा है वह समाज हित में नहीं है और न ही राष्ट्रहित में है। उत्तर प्रदेश सरकार और भारत सरकार इस मामले में बहुत ही संवेदनशील है। सरकार का प्रयास है कि किसी भी महिला के साथ किसी भी प्रकार की कोई दुर्घटना ना हो। न ही उसका तिरस्कार हो और न ही कोई दुर्व्यवहार करे। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि आज हम सबका दायित्व बनता है कि समाज में महिलाओं का सम्मान करें। हम सब इसको लेकर सतर्क हैं। महिलाओं के संवर्धन के लिए तरह तरह के कानून बनाए गए हैं। दहेज उत्पीड़न से लेकर कन्या भ्रूण हत्या तथा घरेलू हिंसा आदि पर तरह.तरह के कानून बनाए गए हैं लेकिन परेशानी यह है कि जागरूकता की कमी के कारण इन सभी कानूनों से महिलाएं अवगत नहीं हो पाती हैं। महिला सशक्तिकरण का यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार ने इसीलिए प्रारंभ किया है कि महिलाओं को उनके अधिकारों से संबंधित कानूनों के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने भी इसी कड़ी में कानूनी पहलुओं को जागृत करते हुए ई.संगोष्ठी का आयोजन किया। इसके पूर्व संगोष्ठी के संयोजक स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर गिरजा शंकर शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत किया तथा विषय की महत्ता प्रतिपादित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण आज एक ज्वलंत मुद्दा है। ई संगोष्ठी का संचालन आयोजन सचिव डॉक्टर मीरा पाल तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर जी एस शुक्ल ने किया।

प्रयागराज, बुधवार
21 अक्टूबर, 2020
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 20
दैनिक जागरण
www.jagran.com

धीमी शुरुआत कर खिताब जीतने वाले उदाहरणों से भरा है आइपीएल 16 परिवार और गोपीचंद से कोई मतभेद नहीं: सिंधु 16

काउंसिलिंग में छूटे मुविवि के अभ्यर्थियों को दूसरा मौका

जासं, प्रयागराज : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा सत्र 2020-21 में प्रवेश के लिए प्रथम चरण की काउंसिलिंग में किन्हीं कारणों से शामिल न हो पाने वाले अभ्यर्थियों के लिए राहत भरी खबर है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने उन्हें 22 अक्टूबर को काउंसिलिंग कराने का दूसरा मौका दिया है।

बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश काउंसिलिंग 2020-21 के समन्वयक प्रोफेसर पीपी दुबे ने बताया के पूर्व में 12, 13 एवं 14 अक्टूबर को संपन्न हो चुकी प्रथम चरण की काउंसिलिंग में बुलाए गए कुछ अभ्यर्थी नहीं आ सके थे। इसके अलावा कुछ अभ्यर्थियों के अभिलेख नवीनीकृत न होने के कारण काउंसिलिंग की प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पाए थे। कुछ ऐसे भी अभ्यर्थी थे, जिनका परीक्षा परिणाम कोरोना के कारण घोषित नहीं हो सका था। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने इन अभ्यर्थियों को 22 अक्टूबर को सुबह 10 से 12 बजे तक दोबारा काउंसिलिंग के लिए आमंत्रित किया है।

महानगर
वर्ष 24 | अंक 127 | पृष्ठ : 18
अमर उजाला
प्रयागराज
बुधवार, 21 अक्तूबर 2020
amarujala.com
खोले राज
शाहरुख बोले-मुझे नहीं लगता था मैं रोमांटिक हीरो बन सकता हूं...13
उत्तर प्रदेश

काउंसलिंग में छूटे अभ्यर्थियों को मिलेगा एक और मौका

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा सत्र 2020-21 में प्रवेश के लिए आयोजित पहले चरण में काउंसलिंग में कोरोना की विशेष परिस्थितियों के कारण शामिल होने से वंचित रह गए अभ्यर्थियों का एक मौका और दिया गया है। ऐसे अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के लिए 22 अक्तूबर को बुलाया गया है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पीपी दुबे के अनुसार प्रथम चरण की काउंसलिंग में आमंत्रित कुछ अभ्यर्थी विभिन्न कारणों से शामिल नहीं हो सके। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने अभ्यर्थियों को 22 अक्तूबर को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक काउंसलिंग के लिए एक अन्य अवसर दिया है।

राजर्षि टंडन मुक्त विवि में एमबीए-एमसीए की सूची जारी

24 अक्टूबर तक विवि की वेबसाइट पर नाम देखकर ले सकेंगे प्रवेश

जासं, बरेली : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने एमबीए और एमसीए पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए योग्य अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी है। ये अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uprtou.ac.in पर अपना नाम देखकर 24 अक्टूबर तक प्रवेश ले सकते हैं।

विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय समन्वयक डॉ. आरबी सिंह ने बताया कि अभी तक विश्वविद्यालय में एमबीए और एमसीए के छात्र-छात्राओं के दाखिले प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होते थे। लेकिन इस बार कोविड-19 की वजह से प्रवेश परीक्षा नहीं कराई गई। उसकी जगह निर्धारित शैक्षिक अर्हता वाले पात्र अभ्यर्थियों को प्रवेश का मौका दिया गया है। इनमें 198 अभ्यर्थी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने 198 ऐसे अभ्यर्थियों की भी सूची जारी की है जिनके दस्तावेज पूरे नहीं थे। उन सभी से दस्तावेज देने के लिए कहा है, ताकि उन्हें भी प्रवेश मिल सके। किसी भी समस्या के लिए अभ्यर्थी क्षेत्रीय कार्यालय बरेली के मोबाइल नंबर 7525048025 पर संपर्क कर सकते हैं।

पीजी कोर्स और डिप्लोमा में दाखिले की तिथि बढ़ी: विश्वविद्यालय ने बीए, बीएससी, एमए, एमकॉम सहित सभी पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स में दाखिले के लिए तिथि बढ़ा दी है। अब 24 अक्टूबर तक दाखिले लिए जा सकेंगे। अभी तक 15 अक्टूबर अंतिम तिथि थी।

दैनिक भास्कर
गुरुवार, 22 अक्टूबर 2020 लखनऊ

छूटे अभ्यर्थियों को एक और मौका

मुविवि में 22 अक्टूबर को होगी बीएड काउंसलिंग

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय (मुविवि) के बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा सत्र 2020-21 में प्रवेश हेतु संपन्न प्रथम चरण की काउंसिलिंग में कोरोना की विशेष परिस्थितियों के कारण शामिल न हो पाने वाले आमंत्रित अभ्यर्थियों को 22 अक्टूबर को काउंसिलिंग कराने का एक मौका दिया जा रहा है। बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश काउंसिलिंग 2020-21 के समन्वयक प्रो. पीपी दुबे ने बताया के पूर्व में 12, 13 एवं 14 अक्टूबर को संपन्न हो चुकी प्रथम चरण की काउंसिलिंग में आमंत्रित कुछ अभ्यर्थी या तो आ नहीं पाए या कुछ के अभिलेख नवीनीकृत न होने के कारण काउंसलिंग नहीं करा पाए। प्रो. दुबे ने बताया कि इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मुविवि के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने इन सभी अभ्यर्थियों को 22 अक्टूबर को प्रातः 10 से 12 बजे तक एक बार पुनः काउंसिलिंग में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया है। मीडिया प्रभारी डॉ. प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि ऐसे अभ्यर्थी 22 अक्टूबर को सभी अभिलेखों के साथ निर्धारित समय अवधि में उपस्थित होकर प्रवेश काउंसलिंग में प्रतिभाग कर सकते हैं।

जनसंदेश टाइम्स

बीएड काउंसलिंग में छूटे अभ्यर्थियों को मिला मौका

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा सत्र 2020-21 में प्रवेश हेतु सम्पन्न प्रथम चरण की काउंसलिंग में कोरोना की विशेष परिस्थितियों के कारण शामिल न हो पाने वाले अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय 22 अक्टूबर को काउंसलिंग कराने का एक मौका और दे रहा है। बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश काउंसलिंग के समन्वयक प्रो. पी.पी दुबे ने बताया कि 12, 13 एवं 14 अक्टूबर को सम्पन्न हुए प्रथम चरण की काउंसलिंग में कुछ अभ्यर्थी या तो आ नहीं पाए या कुछ के अभिलेख नवीनीकृत न होने के कारण काउंसलिंग नहीं करा पाए। कुछ ऐसे भी अभ्यर्थी थे, जिनका परीक्षा परिणाम कोरोना के कारण घोषित नहीं हो सका था।

दैनिक कर्मठ
राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्पित
प्रयागराज, बुधवार , 21 अक्टूबर 2020 विक्रम संवत 2076 प्रातः संस्करण ईमेल -dainikkarmath@gmail.com पृष्ठ : 08

प्रथम चरण की काउंसलिंग में छूटे अभ्यर्थियों को एक और मौका

मुक्त विश्वविद्यालय में 22 अक्टूबर को होगी काउंसलिंग

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा सत्र 2020–21 में प्रवेश हेतु संपन्न प्रथम चरण की काउंसलिंग में कोरोना की विशेष परिस्थितियों के कारण शामिल न हो पाने वाले आमंत्रित अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय 22 अक्टूबर को काउंसलिंग कराने का एक मौका और दे रहा है। बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश काउंसलिंग 2020–21 के समन्वयक प्रोफेसर पी पी दुबे ने बताया के पूर्व में 12, 13 एवं 14 अक्टूबर 2020 को संपन्न हो चुकी प्रथम चरण की काउंसलिंग में आमंत्रित कुछ अभ्यर्थी या तो आ नहीं पाए या कुछ के अभिलेख नवीनीकृत न होने के कारण काउंसलिंग नहीं करा पाए। कुछ ऐसे भी अभ्यर्थी थे, जिनका परीक्षा परिणाम कोरोना के कारण घोषित नहीं हो सका था। जिसके कारण वह भी काउंसलिंग में भाग नहीं ले सके। उन्होंने बताया कि इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने इन सभी अभ्यर्थियों को 22 अक्टूबर को प्रातः 10रू00 से 12रू00 बजे तक एक बार पुनः काउंसलिंग में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया है। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि ऐसे अभ्यर्थी 22 अक्टूबर को सभी अभिलेखों के साथ निर्धारित समय अवधि में उपस्थित होकर प्रवेश काउंसलिंग में प्रतिभाग कर सकते हैं।

RNI No.-UPHIN/2012/44803 हिन्दी दैनिक Email : harbaatftp @gmail.com
हर बात
आपके साथ
वर्ष : 09 अंक : 273 फतेहपुर, बुधवार, 21 अक्टूबर, 2020 पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रुपया

प्रथम चरण की काउंसलिंग में छूटे अभ्यर्थियों को एक और मौका

मुक्त विश्वविद्यालय में 22 अक्टूबर को होगी बीएड काउंसलिंग

हरबात संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा सत्र 2020-21 में प्रवेश हेतु संपनन प्रथम चरण की काउंसलिंग में कोरोना की विशेष परिस्थितियों के कारण शामिल न हो पाने वाले आमंत्रित अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय 22 अक्टूबर को काउंसलिंग कराने का एक मौका और दे रहा है। बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश काउंसलिंग 2020-21 के समन्वयक प्रोफेसर पी पी दुबे ने बताया के पूर्व में 12, 13 एवं 14 अक्टूबर 2020 को संपनन हो चुकी प्रथम चरण की काउंसलिंग में आमंत्रित कुछ अभ्यर्थी या तो आ नहीं पाए या कुछ के अभिलेख नवीनीकृत न होने के कारण काउंसलिंग नहीं करा पाए। कुछ ऐसे भी अभ्यर्थी थे, जिनका परीक्षा परिणाम कोरोना के कारण घोषित नहीं हो सका था। जिसके कारण वह भी काउंसलिंग में भाग नहीं ले सके। उन्होंने बताया कि इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने इन सभी अभ्यर्थियों को 22 अक्टूबर को प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक एक बार पुनः काउंसलिंग में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया है। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि ऐसे अभ्यर्थी 22 अक्टूबर को सभी अभिलेखों के साथ निर्धारित समय अवधि में उपस्थित होकर प्रवेश काउंसलिंग में प्रतिभाग कर सकते हैं।

अमृत प्रभात
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
सूर्योदय : 06:07 बजे सूर्यास्त : 05:36 बजे
वर्ष : 42 | अंक : 309 | प्रयागराज, बुधवार 21 अक्टूबर, 2020 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 3 रुपए

प्रथम चरण की काउंसलिंग में छूटे अभ्यर्थियों को एक और मौका

मुक्त विश्वविद्यालय में 22 को होगी बीएड काउंसलिंग

वरिष्ठ संवाददाता प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा सत्र 2020-21 में प्रवेश हेतु संपनन्प्रथम चरण की काउंसलिंग में कोरोना की विशेष परिस्थितियों के कारण शामिल न हो पाने वाले आमंत्रित अभ्यथिन्यों को विश्वविद्यालय 22 अक्टूबर को काउंसलिंग कराने का एक मौका और दे रहा है। बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश काउंसलिंग 2020-21 के समन्वयक प्रोफेसर पीपी दुबे ने बताया के पूर्व में 12, 13 एवं 14 अक्टूबर को संपनन् हो चुकी प्रथम चरण की काउंसलिंग में आमंत्रित कुछ अभ्यर्थी या तो आ नहीं पाए या कुछ के अभिलेख नवीनीकृत न होने के कारण काउंसलिंग नहीं करा पाए। कुछ ऐसे भी अभ्यर्थी थे, जिनका परीक्षा परिणाम कोरोना के कारण घोषित नहीं हो सका था। जिसके कारण वह भी काउंसलिंग में भाग नहीं ले सके। उन्होंने बताया कि इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने इन सभी अभ्यथिन्यों को 22 अक्टूबर को प्रातः 10 से 12 बजे तक एक बार पुनः काउंसलिंग में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया है। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि ऐसे अभ्यर्थी 22 अक्टूबर को सभी अभिलेखों के साथ निर्धारित समय अवधि में उपस्थित होकर प्रवेश काउंसलिंग में प्रतिभाग कर सकते हैं।

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 22 अक्टूबर, 2020

काउंसलिंग में छूटे अभ्यर्थियों को एक और मौका

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा सत्र २०२०-२१ में प्रवेश हेतु संपन्न प्रथम चरण की काउंसलिंग में कोरोना की विशेष परिस्थितियों के कारण शामिल न हो पाने वाले आमंत्रित अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय २२ अक्टूबर को काउंसलिंग कराने का एक मौका और दे रहा है। बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश काउंसलिंग २०२०-२१ के समन्वयक प्रोफेसर पी पी दुबे ने बताया के पूर्व में १२, १३ एवं १४ अक्टूबर २०२० को संपन्न हो चुकी प्रथम चरण की काउंसलिंग में आमंत्रित कुछ अभ्यर्थी या तो आ नहीं पाए या कुछ के अभिलेख नवीनीकृत न होने के कारण काउंसलिंग नहीं करा पाए। कुछ ऐसे भी अभ्यर्थी थे, जिनका परीक्षा परिणाम कोरोना के कारण घोषित नहीं हो सका था। जिसके कारण वह भी काउंसलिंग में भाग नहीं ले सके।

स्वतंत्र चेतना
www.swatantrachetnanews.com
प्रयागराज, बुधवार 21 अक्टूबर 2020

प्रथम चरण की काउंसलिंग में छूटे अभ्यर्थियों को एक और मौका

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, के बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा सत्र 2020-21 में प्रवेश हेतु संपन्न प्रथम चरण की काउंसलिंग में कोरोना की विशेष परिस्थितियों के कारण शामिल न हो पाने वाले आमंत्रित अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय 22 अक्टूबर को काउंसलिंग कराने का एक मौका और दे रहा है।

बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश काउंसलिंग 2020-21 के समन्वयक प्रोफेसर पीपी दुबे ने बताया के पूर्व में 12, 13 एवं 14 अक्टूबर 2020 को संपन्न हो चुकी प्रथम चरण की काउंसलिंग में आमंत्रित कुछ अभ्यर्थी या तो आ नहीं पाए या कुछ के अभिलेख नवीनीकृत न होने के कारण काउंसलिंग नहीं करा पाए। कुछ ऐसे भी अभ्यर्थी थे, जिनका परीक्षा परिणाम कोरोना के कारण घोषित नहीं हो सका था। जिसके कारण वह भी काउंसलिंग में भाग नहीं ले सके। उन्होंने बताया कि इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने इन सभी अभ्यर्थियों को 22 अक्टूबर को प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक एक बार पुनः काउंसलिंग में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया है। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि ऐसे अभ्यर्थी 22 अक्टूबर को सभी अभिलेखों के साथ निर्धारित समय अवधि में उपस्थित होकर प्रवेश काउंसलिंग में प्रतिभाग कर सकते हैं।

R.N.I. UPHIN/2012/52437
संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 07
अंक : 13
पृष्ठ : 8
मूल्य : 1.00
बुधवार, 21 अक्टूबर, 2020
जुनून है सच दिखाने का
मंत्र भारत
हिन्दी दैनिक

प्रथम चरण की काउंसलिंग में छूटे अभ्यर्थियों को एक और मौका

मुक्त विश्वविद्यालय में 22 को होगी बीएड काउंसलिंग

संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा सत्र 2020-21 में प्रवेश हेतु संपनन प्रथम चरण की काउंसलिंग में कोरोना की विशेष परिस्थितियों के कारण शामिल न हो पाने वाले आमंत्रित अभ्यथिन्यों को विश्वविद्यालय 22 अक्टूबर को काउंसलिंग कराने का एक मौका और दे रहा है।

बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश काउंसलिंग 2020-21 के समन्वयक प्रोफेसर पी पी दुबे ने बताया के पूर्व में 12, 13 एवं 14 अक्टूबर 2020 को संपनन हो चुकी प्रथम चरण की काउंसलिंग में आमंत्रित कुछ अभ्यर्थी या तो आ नहीं पाए या कुछ के अभिलेख नवीनीकृत न होने के कारण काउंसलिंग नहीं करा पाए। कुछ ऐसे भी अभ्यर्थी थे, जिनका परीक्षा परिणाम कोरोना के कारण घोषित नहीं हो सका था। जिसके कारण वह भी काउंसलिंग में भाग नहीं ले सके। उन्होंने बताया कि इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने इन सभी अभ्यथिन्यों को 22 अक्टूबर को प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक एक बार पुनः काउंसलिंग में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया है। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि ऐसे अभ्यर्थी 22 अक्टूबर को सभी अभिलेखों के साथ निर्धारित समय अवधि में उपस्थित होकर प्रवेश काउंसलिंग में प्रतिभाग कर सकते हैं।

News Letter

मुक्त चिंतन

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

